भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 12.11.2022

आरेडिका में 43वें अखिल भारतीय रेलवे महिला वॉलीवॉल चैंपियनशिप का शुभारम्भ

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में 43वें अखिल भारतीय रेलवे महिला वॉलीवॉल चैंपियनशिप 2022 का शुभारम्भ दिनांक 12.11.2022 को मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक श्री बृज मोहन अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में हमारे जीवन में खेल–कूद की महत्ता के बारे में बताया है। खेलना हम सब की प्रकृति है,खेल न केवल हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हैं बल्कि हमें एक सजग और अनुशासित नागरिक भी बनाता है।

आरेडिका के खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री एस. के. कटियार,नें बताया कि इस चैंपियनशिप में 8 जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों की लगभग 150 महिला खिलाड़ी प्रतिभाग कर रही हैं तथा इस चैंपियनशिप में महिला खिलाडी अपनी प्रतिभा दिखाऐंगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने खेल भावना से खेलने के लिए शपथ ली

इस अवसर पर रेलवे स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के टेक्नीकल टीम, मैनेजमेंट टीम सहित विभिन्न जोनों के कोच एवं आरेडिका के खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री एस. के. कटियार, सचिव श्री एस.एस.केरो, पदमश्री सुश्री सुधा सिंह एवं आरेडिका के उच्च अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

12/11/2022
(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी